भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1568**

**दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत**

**महाराष्ट्र में भारी उद्योगों की स्थापना**

**1568. डॉ. नामदेव किरसान:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को गत पांच वर्षों के दौरान गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारी उद्योगों, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), इंजीनियरिंग, पूंजीगत सामान या सहायक विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए महाराष्ट्र सरकार या किसी सार्वजनिक/निजी उद्यम में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय का गढ़चिरौली जिले की उभरती औद्योगिक और खनिज क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए, भारी विनिर्माण और ईवी घटक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता, प्रोत्साहन या नीतिगत सहायता प्रदान करने का विचार है; और

(घ) क्या सरकार ने गढ़चिरौली-चिमूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारी उद्योगों के माध्यम में रोजगार सृजन की क्षमता के संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ख):** प्रश्न ही नहीं उठता।

**(ग):** भारी उद्योग मंत्रालय देश में घरेलू विनिर्माण तथा ईवी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन करता है, जो अखिल भारतीय स्तर की हैं तथा किसी विशिष्ट क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं।

**(घ):** मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई आकलन नहीं किया गया है।

***